नवजात शिशु की श्रवण शक्ति की पुनः जांच

नवजात शिशु की जांच
आपके बच्चे का निःशुल्क स्वास्थ्य निरीक्षण

आपके बच्चे को पुनः जांच की आवश्यकता है

यूनीवर्सल न्यूबॉर्न हीयरिंग स्क्रीनिंग एण्ड अर्ली इन्टरवैन्शन प्रोग्राम के अंतर्गत आज आपके बच्चे की श्रवण शक्ति की जांच की गई थी। हम आपके बच्चे की श्रवण शक्ति की और अधिक चैकअप करने हेतु पुनः जांच करना चाहेंगे।

मेरे बच्चे को पुनः जांच की आवश्यकता क्यों है?

कुछ बच्चों को एक बार और जांच की आवश्यकता पड़ती है क्योंकि पूर्व जांच से एक अथवा दोनों कानों से कोई पर्याप्त शक्तिशाली अनुक्रिया प्राप्त नहीं हुई।
ऐसा इस लिए हो सकता है क्योंकिः

- आपका बच्चा ठीक ढंग से सैटल नहीं हुआ था
- टैस्ट करने वाले कक्ष में अत्यधिक शोर मच रहा था
- उस दिन आपके बच्चे के मध्य कान में द्रव्य था
- आपके बच्चे की श्रवण शक्ति ह्रास हो चुकी हो सकती है।

पुनः जांच या तो आपके व आपके बच्चे के अस्पताल छोड़ कर जाने से पूर्व की जाएगी और या बाहर के रोगी की जैसे बाद में समय दे कर जांच की जाती है, वैसे की जाएगी। यह महत्त्वपूर्ण है कि आप जांच हेतु पूर्व-नियुक्त समय पर आयें। आपके बच्चे की श्रवण शक्ति संबंधी सुनिश्चित होने का यह सर्वश्रेष्ठ ढंग है। आपको परिणाम सीधे बताए जाएंगे।

श्रवण शक्ति की पुनः जांच

बच्चे का नामः ______________________

एन एच आईः ______________________

तिथिः ______________ समयः ______________

स्थानः ______________________

क्या होता है यदि पुनः जांच के भी कोई स्पष्ट परिणाम नहीं निकलते हैं?

आपको एक श्रवण शक्ति विशेषज्ञ (ऑडियोलोजिस्ट) के पास भेजा जाएगा जो कुछ और टैस्ट करने के पश्चात् कोई सलाह देगा। ऑडियोलोजिस्ट आपके बच्चे की श्रवण शक्ति को बारीकी से चैक करेगा।

यदि आपके बच्चे की श्रवण शक्ति का ह्रास हो गया है, तो उसका शीघ्रतया पता लगना उनकी भाषा, सीखने व सामाजिक विकास हेतु अच्छा है।

आपके बच्चे की श्रवण शक्ति की पुनः जांच संबंधी और अधिक जानकारी हेतु, इनसे बात करें:

- वह अस्पताल जो श्रवण शक्ति की जांच करता है
- आपकी नर्स, चिकित्सक, विशेषज्ञ या वैल चाईल्ड प्रदाता

वैल चाईल्ड तमारिकी ओरा के निरीक्षणों में अभिभावकों से उनके बच्चे की श्रवण शक्ति संबंधी पूछे जाने वाले प्रश्न भी सम्मिलित हैं। नर्स भी आपके बच्चे की श्रवण शक्ति, वाणी व भाषा की प्रगति संबंधी प्रश्न पूछती है। आपका बच्चा जिस ढंग से सुनता है या प्रतिक्रिया प्रकट करता है और आप उसके इस ढंग के प्रति कुछ चिंतित हैं, तो ऐसी स्थिति में यह महत्त्वपूर्ण होता है कि यह बात आप अपनी वैल चाईल्ड नर्स, आरंभिक बचपन के अध्यापक या अपने चिकित्सक से साझी करें।

नवजात शिशु की श्रवण शक्ति की जांच संबंधी और जानकारी हेतु नैशनल स्क्रीनिंग युनिट की वैबसाईट www.nsu.govt.nz को देखें

यह स्त्रोत www.healthed.govt.nz से डाऊनलोड हेतु उपलब्ध है

MINISTRY OF HEALTH
MANATŪ HAUORA
New Zealand Government